卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 44 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦20 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के सीएम

### मुख्यमंत्री के साथ एनडीए सरकार के मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

पटना। बिहार में नई सरकार का गठन हो गया है। नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह गांधी मैदान, पटना में आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, एनडीए के अन्य नेता, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नीतीश कुमार के साथ ही उनके कैबिनेट के अन्य सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। नई कैबिनेट में अधिकांश पुराने सदस्य बनाए रखे गए हैं, वहीं श्रेयसी सिंह और दीपक प्रकाश जैसे नए (शेष पृष्ठ सात पर)








## नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे सीएम धामी

पटना। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को बिहार दौरे पर रहे। वह बिहार की राजधानी पटना में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य मंत्री धामी ने नीतीश कुमार और उनके सभी मंत्रिमंडल सहयोगियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। बता दें कि इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री धामी भाजपा के स्टार प्रचारक थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बिहार के कई विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो, जनसंपर्क अभियान और सभाओं को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय (शेष पृष्ठ सात पर)



## घास लेने गई महिला पर भालू का हमला, गंभीर

चमोली। विकासखंड पोखरी के पाव गांव में बुधवार को घास लेने जंगल गई रामेश्वरी नामक महिला देर तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों की सूचना पर ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान शुरू किया। रात होने के कारण अभियान रोका गया। गुरूवार सुबह पुनः तलाशी शुरू की गई, तो महिला जंगल में बुरी तरह घायल अवस्था में मिली। उसके शरीर पर चोटें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थीं और खासकर उसका मुंह भालू के हमले से बुरी तरह नोचा हुआ था। महिला एक पेड़ के सहारे लेटी हुई मिली, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह भालू के चंगुल से किसी तरह बची। घायल महिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। स्थानीय वन विभाग ने भी कहा कि क्षेत्र में भालू के सक्रिय होने के कारण ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। घटना ने ग्रामीणों में भय पैदा कर दिया है। वन विभाग ने आगे कहा कि इलाके में पैट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और लोगों को घास या लकड़ी लेने जंगल जाने में सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।



## सूमो खाई में गिरने से दो युवकों की मौत, तीन घायल

चमोली। हेलंग उर्गम मोटर मार्ग पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक टाटा सूमो वाहन गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। जिनमें से दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई से निकालकर अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार टाटा सूचमो संख्या यूके 11टीए 1685 में सवार पांच लोग सलूड गांव से उर्गम क्षेत्र में हुई एक बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। घुमावदार मोड़ और अंधेरा होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरा। घटना की सूचना कोतवाली जोशीमठ को शाम को मिलते ही पुलिस, एसडीआरफ और एनडीआरएफ टीम तुरंत राहत और बचाव कार्य के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम का नेतृत्व विनोद सिंह रावत ने किया। दुर्गम पहाड़ी मार्ग और रात के घने अंधेरे के बावजूद राहतकर्मियों ने बिना देरी किए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। खाई में गिरने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्हैया 20 वर्ष और ध्रुव 19 वर्ष के रूप में हुई दोनों ग्राम सलूड के निवासी थे। रेस्क्यू ऑपरेशन के (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरों का घर में धावा, पांच लाख का माल पार

### शादी में गया था पूरा परिवार, चोर सीसीटीवी फुटेज में आए नजर, पुलिस जांच में जुटी

किच्छा( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर दो सोनेरा में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी के बीच चोरों ने इस बार बबलू गंगवार के घर को निशाना बनाया। गृहस्वामी बबलू गंगवार परिवार सहित शादी समारोह में गए हुए थे, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने घर में धावा बोल दिया और लाखों का सामान पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि बबलू गंगवार सोमवार को अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। तीन दिनों तक घर पर कोई मौजूद नहीं था। बुधवार देर रात जब परिवार वापस लौटा, तो घर का मुख्य कमरा अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। अलमारियों के लॉक टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। गंगवार परिवार ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। चोरी में चोरों ने एलसीडी टीवी, पांच मोबाइल फोन, सोने का मंगलसूत्र, अन्य कीमती जेवर, नकदी सहित लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि चोर घर के पिछले हिस्से से लगे गेट के ऊपर से कूदकर भीतर घुसे। घर के दरवाजों पर जबरन तोड़फोड़ के निशान नहीं मिले, जिससे अंदेशा है कि चोरों ने पीछे का रास्ता अपनाया ताकि किसी को भनक न लगे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर व आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। पुलिस को घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे से महत्वपूर्ण सुराग मिला है। फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति घर के आसपास मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। देर रात फुटेज में दोनों घर की ओर बढ़ते नजर आए, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी (शेष पृष्ठ सात पर)



## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

देहरादून। पटेलनगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक पति ने अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर तीन तलाक दे दिया। साथ ही गाली-गलौज कर घर से बाहर निकाला। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र के मेंहूवाला माफी निवासी आयशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह 10 जून को मेंहूवाला माफी निवासी नईम के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही नईम दहेज में स्कार्पियो की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करने लगा। जब उन्होंने अपने भाईयों को यह बताया था वह जान (शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय अपर्णा का आकस्मिक निधन 10 नवंबर 2025 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु रस्म पगड़ी दिनांक 21 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे से 3 बजे तक, पाँच मंदिर, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी । कृपया उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना में सहभागी बनें।

-: शोकाकुल परिवार :-

प्रताप सुखीजा-श्रीमती प्रनीलम सुखीजा (माता-पिता)
कपिल-पूनम सुखीजा (भाई-भाभी)
केशव-गीतांजली सुखीजा (भाई-भाभी),नवल सुखीजा (भाई)
क्षितिज सुखीजा (भाई) एवम समस्त सुखीजा परिवार

आवश्यकता है

रूद्रपुर में न्यूज चैनल के लिए एक वीडियो एडिटर की अवश्यकता है।
-: शीघ्र सम्पर्क करें:-
मो. 9897427586

## पूनम पंडित बनी उत्तराखण्ड महिला कांग्रेस की ऑब्जर्वर

देहरादून (उद संवाददाता)।उत्तराखंड महिला कांग्रेस में संगठन सुदृढ़ीकरण की जिम्मेदारी पूनम पंडित को सौंपी गई है। इंदिरा भवन, दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पूनम पंडित ने कांग्रेस नेता अल्का लांबा से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें संगठनात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया। महिला कांग्रेस के नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पूनम पंडित पर भरोसा जताया है और उम्मीद व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड महिला कांग्रेस में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। पूनम पंडित की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल है। पार्टी सूत्रों के अनुसार अब महिला कांग्रेस की गतिविधियों को और सशक्त बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने में पूनम पंडित की भूमिका अहम रहेगी।

# मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों में लायें तेजी: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपने कैम्प कार्यालय में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज संचालित करना माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता में है, इसलिए कार्यदायी संस्था मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें, इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए दिनरात शिफ्ट में कार्य किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का एकेडमिक ब्लॉक, हॉस्टल, लाइब्रेरी का निर्माण प्रथम फेज में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज संचालित करने हेतु एमसीआई के भ्रमण से पूर्व प्रथम फेज के कार्य पूर्ण किए जाय। उन्होंने कहा कि कॉलेज संचालन हेतु क्या क्या मेडिकल उपकरण चाहिए, लाइब्रेरी में क्या किताबें चाहिए उनकी चेकलिस्ट बनाकर खरीद कार्यवाही भी करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। उन्होंने साथ ही साथ इलेक्ट्रिकल कार्य भी कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को मेडिकल कॉलेज व सर्किट हाउस कार्य परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बिना मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार का भुगतान आगे नहीं किया जाएगा, ताकि निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति पर कड़ी निगरानी रखी जा सके व त्वरित कार्य किए जा सके।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण समय पर पूरा हो और चिकित्सा शिक्षा प्रारम्भ हो व जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हों। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ के के अग्रवाल, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ जी एस तितियाल, परियोजना प्रबन्धक पेयजल निर्माण निगम नरेन्द्र नवानी, सहायक अभियंता पेयजल निर्माण निगम विधुत प्रमोद रस्तोगी आदि मौजूद थे।



# फ्लाईओवर पर तेज धमाके के साथ टकराया खनन से भरा डंपर, हादसा टला

काशीपुर। एमपी चौक के ऊपर फ्लाईओवर पर रेता बजरी से ओवरलोड एक डंपर सुबह तेज धमाके के साथ रिंग से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के तत्काल बाद डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के मुताबिक आज सुबह लगभग 7:00 बजे रामनगर से 18 टायरा डंपर संख्या यूपी 25 सीटी/9595 रेता लोडकर यूपी के संभल की ओर जा रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर से चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया नतीजतन खनन से ओवरलोड डंपर तेज धमाके के साथ महाराणा प्रताप चौक के ऊपर फ्लाईओवर पर बने चौराहे से जा टकराया। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो सुबह सवेरे बड़ा और गंभीर हादसा होते-होते टल गया। ओवर ब्रिज पर यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पूर्व भी दर्जनों बार गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं इसके बावजूद प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा। ओवर ब्रिज से होकर हैवी वाहनों के गुजरने पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया था। बाजपुर रोड रामनगर रोड व स्टेशन रोड से होकर निकलने वाले हैवी वाहनों के लिए लोहे की भारी भरकम बेरीकेटिंग लगाई गई थी जो भारी वाहनों से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई। प्रशासन ने बैरिकेडिंग हटा दिया। आलम यह है कि पूरी रात मौत के मानिंद खनन और ईंटों ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं।



# श्याम टाकीज रोड पर राहगीरों को बांटा लंगर

रूद्रपुर। अमावस्या के अवसर पर श्याम टाकीज रोड पर राहगीरों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। स्थानीय दुकानदारों की पहल से उत्तरांचल दर्पण कार्यालय के सामने कढ़ी और चावल का लंगर वितरित किया गया। लंगर का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया, जिसके बाद सभी उपस्थित दुकानदार सेवा में जुट गए। इस आयोजन में रमेश कालड़ा, परमपाल सुखीजा, अशोक कालड़ा, महेन्द्र गाबा, तुषार, पंकज गांधी, सुमित बठला, पंकज अनेजा और अशोक घई सहित कई अन्य स्थानीय लोगों ने भाग लिया।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 170.13 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 के 11 नवीन निर्माण कार्यों के लिए राज्य स्तरीय एम्पावर्ड समिति की बैठक में संस्तुत 37.34 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य में अग्निशमन सेवाओं एवं आधुनिकरण हेतु स्वीकृत 79 करोड़, राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड पाबौ में सीकू तिमली मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.26 करोड़ के साथ ही विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में पीपलडाली से म्यूण्डा ललवाली तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य हेतु 1.78 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के टनकपुर में ग्राम पंचायत नायकगोठ के किरोडा नाले में 480.00 मीटर एवं 120.00 मीटर स्पान पुल के निर्माण हेतु 48.38 करोड तथा जनपद टिहरी के विधानसभा क्षेत्र नई टिहरी हेतु की गयी नई टिहरी में स्थित विद्या मंदिर इण्टर कालेज में सामुदायिक भवन का निर्माण संबंधी घोषणा के क्रियान्वयन हेतु ₹ 91.84 लाख के सापेक्ष पूर्व में स्वीकृत कुल धनराशि 55.10 लाख के अनुक्रम में अवशेष धनराशि 36.74 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



# धामी ने पूर्व विधायक कर्णवाल की माता का जाना हालचाल

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीएमआई हॉस्पिटल, देहरादून पहुंचे, जहाँ उन्होंने पूर्व विधायक श्री देशराज कर्णवाल की माताजी का हालचाल जाना। श्री कर्णवाल की माताजी स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि उनके उपचार में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति सरकार संवेदनशील है और जरूरत के हर चरण में आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्री कर्णवाल और उनके परिजनों से बातचीत कर उन्हें धैर्य बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनकी माताजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



# सीएम ने मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती हिम्मत सिंह से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून पहुंचे और वहाँ भर्ती लोकगायक श्री गोविंद दिगारी के पिताजी श्री हिम्मत सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। हिम्मत सिंह बीते कुछ दिनों से स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उपचाररत हैं। मुख्यमंत्री ने चिकित्सक टीम से उपचार प्रक्रिया और वर्तमान स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक सभी चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा बेहतर देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की लोक परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक कलाकारों व उनके परिवारों के प्रति सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ सहयोगात्मक रुख रखती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोविंद दिगारी और उनके परिजनों से वार्ता कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा श्री हिम्मत सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना भी व्यक्त कीं।



# रुद्रपुर की 'फ्रीहोल्ड नजूल भूमि' में निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक

## जिला प्रशासन एवं नगर निगम को मानचित्र ना स्वीकृत करने एवं निर्माण कार्य की अनुमति न देने के निर्देश, सभी प्रतिवादियों से अगली तिथि तक मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रुद्रपुर शहर के राजस्व ग्राम लमारा के खसरा संख्या 2 की लगभग 4.07 एकड़ (16,500 वर्ग मीटर) फ्री होल्ड नजूल भूमि में हर प्रकार के निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। ज्ञात हो कि नैनीताल उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बुधवार को रुद्रपुर स्थित बहुमूल्य सरकारी नजूल भूमि के कथित अवैध हस्तांतरण और फ्रीहोल्डिंग में हुई गंभीर अनु मित्र अनियमितता को लेकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई की। जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया, जिसके तहत विवादित भूमि पर सभी प्रकार के निर्माण और विकास गतिविधियों को अगली तारीख तक रोकने का निर्देश दिये गये हैं।मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की प्राथमिक सामग्री और संलग्न दस्तावेजों एवं अन्य तथ्यों की समीक्षा करने के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम सहित सभी प्रतिवादी अधिकारियों को विवादित खसरा संख्या पर किसी भी प्रकार की निर्माण अनुमति, लेआउट मंजूरी या विकास कार्य की अनुमति न देने का निर्देश देते हुए यह भी स्पष्ट उल्लेखित किया है कि उपरोक्त रोक मामले के अंतिम निपटारे तक तत्काल प्रभाव से लागू रहेगी। खंडपीठ ने राज्य के आवास विभाग, नजूल विभाग, और राजस्व विभाग से भी इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत जवाब तलब किया है तथा नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने की प्रक्रिया में अनियमितताओं, भूमि के मूल स्वरूप (तालाब की भूमि) और राजस्व रिकॉर्ड में किए गए बदलावों पर बिंदुवार स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा है।



इसके अतिरिक्त खण्डपीठ ने सभी नामित निजी प्रतिवादियों को भी नोटिस जारी किया है और उन्हें अगली सुनवाई की तारीख तक आरोपों का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर इस जनहित याचिका में कई गंभीर आरोप लगाते हुए सरकारी अधिकारियों और निजी हितधारकों के बीच सांठगांठ का दावा किया गया है। याचिका में कहा गया है कि रुद्रपुर के राजस्व ग्राम लमारा के खसरा संख्या 2 की लगभग 4.07 एकड़ (16,500 वर्ग मीटर) नजूल भूमि से संबंधित है तथा मूल रूप से यह जल निकाय (तालाब/पॉन्ड लैंड के प्रयोजन) की थी। जनहित याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय के संज्ञान में यह तथ्य भी लाया गया है कि सन 1988 में इस भूमि की नीलामी केवल मत्स्य पालन के विकास के लिए दो साल की अवधि के लिए लीज पर की गई थी, लेकिन सफल बोलीदाताओं ने ,न तो लीज स्वीकार की और न ही मछली पालन का कार्य किया। याचिका के अनुसार, बोलीदाताओं/निजी प्रतिवादियों ने बिना किसी वैध पट्टे या लीज समझौते के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। तथा आगे चलकर कथित तौर पर अधिकारियों को गुमराह कर और सांठगांठ करके, अपने पक्ष में इस नजूल भूमि को अवैध रूप से फ्रीहोल्ड करा लिया । जनहित याचिका में यह भी रेखांकित किया गया है कि समूची धोखाधड़ी को छिपाने के लिए, फ्रीहोल्डिंग के दौरान मूल खसरा संख्या 2 (ग्राम लमारा) को बदलकर खसरा संख्या 156 (राजस्व ग्राम रामपुरा) कर दिया गया, जिससे राजस्व रिकॉर्ड में गंभीर विसंगतियां निर्मित हो गईं। इसके अलावा प्रश्नगत नजूल भूमि की फ्रीहोल्डिंग भी नीलामी की पुरानी दरों (1988) पर की गई, जिसके चलते राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि वर्तमान में विवादित भूमि का बाजार मूल्य कई करोड़ रुपये है।याचिका में यह भी आधार लिया गया है कि निजी प्रतिवादियों ने फ्री होल्डिंग के बाद निर्माण कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम समझौता कर लिया है और जल्द ही इस सार्वजनिक भूमि पर एक विशाल मॉल का निर्माण शुरू करने वाले हैं।

# जमरानी बांध और कैंचीधाम बाईपास के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने की विकास परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला कार्यालय सभागार में जनपद की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए। बैठक में जमरानी बांध परियोजना, सैनिटोरियमख्रभवालीख्रकैंचीधाम बाईपास, नैना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण तथा अन्य प्रमुख निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जमरानी बांध परियोजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने टनल निर्माण, पुनर्वास, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, गूलों और नहरों के सुधारीकरण, विद्युत लाइन बिछाने तथा अमृतपुर कैलाश द्वार से परियोजना स्थल तक सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी ली। महाप्रबंधक महेश खरे ने बताया कि बांध के लिए 800 मीटर टनल निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रतिदिन लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने और परियोजना को जून 2029 तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा। पुनर्वास और मुआवजा वितरण से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिलाधिकारी नैनीताल और परियोजना महाप्रबंधक की टीम गांवों में कैंप लगाकर तेजी से इन प्रकरणों को निपटाए। किच्छा में बांध प्रभावितों के लिए बन रही कॉलोनी के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा कर उन्हें गति देने को कहा गया। अमृतपुर कैलाश द्वार से परियोजना स्थल तक आठ किलोमीटर सड़क मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य पर भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने अवगत कराया कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ समय के लिए बड़े वाहनों का संचालन रोकना



आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम, उप जिलाधिकारी नैनीताल और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए और 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने को कहा। 32 केवी विद्युत लाइन बिछाने के कार्य में उत्पन्न ग्रामीण विवाद के समाधान के लिए भी तत्काल वार्ता कर कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली भवालीख्रसैनिटोरियम से रातीघाट (कैंचीधाम बाईपास) सड़क परियोजना की समीक्षा में लोक निर्माण विभाग ने बताया कि कुल 18.02 किलोमीटर में से आठ किलोमीटर में डामरीकरण हो चुका है, जबकि शेष मार्ग में कटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए 74 मीटर स्पान का मोटर पुल प्रस्तावित है, जिसकी डीपीआर शासन को भेज दी गई है। जिलाधिकारी ने पुल की स्वीकृति जल्द प्राप्त करने और शेष कार्यों में तेजी लाने को कहा। कैचीधाम मंदिर के निकट पार्किंग, पैदल पुल, पाथवे और ध्यान केंद्र जैसे कार्यों की समीक्षा में अधिशासी अभियंता ने बताया कि 40 करोड़ रुपये में से 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने सभी कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। नैना देवी मंदिर परिसर में मानस खंड मंदिर माला योजना के अंतर्गत किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों में से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर कहीं भी गड्ढे या क्षतिग्रस्त सड़क की स्थिति बनने पर तुरंत सुधार सुनिश्चित करने को कहा। भवाली बाईपास मोटर पुल, सेनेटोरियम भीमताल बाईपास और पदमपुरीख्रधानाचूली मार्ग की प्रगति पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय, महाप्रबंधक जमरानी बांध परियोजना महेश खरे, उप महाप्रबंधक ललित कुमार, अभय पंत, अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरुष आयोग की मांग को लेकर संस्था ने पीएम को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय के गठन की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी को ज्ञापन भेजा। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू तथा सदस्य खुशी नागर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं मार्गदर्शक मीना जोशी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों का कुछ लोग दुरुपयोग कर निर्दोष पुरुषों को झूठे मामलों में फंसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़, दहेज, यौन शोषण और बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों में कई बार पुरुषों के निर्दोष होने के साक्ष्य होने के बावजूद उन्हें अनसुना कर दिया जाता है, जबकि केवल शिकायत भर पर पुरुषों को अपराधी मान लिया जाता है।संस्था पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि झूठे मुकदमों के माध्यम से कई निर्दोष पुरुषों से समझौते के नाम पर भारी-भरकम धनराशि मांगी जाती है, जिससे वे मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संकट में फंस जाते हैं। कई मामलों में तनाव के कारण पुरुष आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय स्थापित होता, तो ऐसे पुरुष अपनी बात रखकर न्याय प्राप्त कर सकते थे।संस्था ने मांग की कि भारत सरकार जल्द से जल्द पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय का गठन करे, निर्दोष पुरुषों को झूठे मामलों में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करे तथा पुरुषों के कल्याण के लिए अलग बजट और योजनाएं बनाए। साथ ही महिलाओं को दिए गए विशेष अधिकारों का दुरुपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया जाए, ताकि दोनों वर्गों के बीच बढ़ते मतभेद समाप्त हो सकें।ज्ञापन देने वालों में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बलराम हलदार, मार्गदर्शक मीना जोशी, सुनीता तिवारी, शांति रावत, अलका टंडन, मनीष साहू, धरम पाल, आयुष नागर, पूजा जोशी, नमन तिवारी, धर्मेंद्र साहू, खुशी नागर, मुकेश साहू, मोनिका आर्या, एकता पाण्डेय, ममता खत्री, सुशील साहू, अरविन्द कुमार, राजेश साहू, महेश साहू, रोहतास प्रजापति, जानकी कश्यप, सूरज मिस्त्री, अमित कुमार, सुशील राय, रवि गुप्ता, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रागिनी मेकओवर का ठुकराल ने किया शुभारंभ

रूद्रपुर। तीन पानी डाम, शिमला बहादुर स्थित नए प्रतिष्ठान रागिनी मेकओवर का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिष्ठान संचालिका रागिनी मिश्रा को बधाई दी और व्यवसाय में सफलता की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि रुद्रपुर में छोटे और नवोदित व्यवसायों का विकास क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने रागिनी मेकओवर के लिए कामना की कि यह प्रतिष्ठान स्थानीय लोगों के लिए सुंदरता और आत्मविश्वास बढ़ाने का केंद्र बने। उदघाटन कार्यक्रम में राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, ट्रांजिट कैंप लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, कांता अग्रवाल, संजय ठुकराल, मनोज छाबड़ा, मनदीप कौर, बिना सेखों, विक्रम, प्रियंका सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# बाल यौन शोषण और हिंसा की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गूलरभोज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार सुखीजा, प्राविधिक कार्यकर्ता राजकुमारी, मीना और कुंवर सिंह ने छात्रों व ग्रामीणों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की। वक्ताओं ने बाल संरक्षण से जुड़े कानून, बच्चों के अधिकार और शोषण की स्थिति में उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं, परामर्श और सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

# सहकारी समिति चुनाव में कोपा से गुंजन विजयी

गूलरभोज। दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति गूलरभोज के चुनाव में कोपा वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी गुंजन देवराड़ी ने 36 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। रविवार को घोषित परिणामों में गुंजन ने कुल 200 मत हासिल किए, जबकि भाजपा प्रत्याशी कामिनी को 164 मत प्राप्त हुए। गौरतलब है कि 24 फरवरी को हुए समिति चुनाव में कोपा वार्ड से निर्विरोध संचालक बनी मौसमी सिंह ने ग्राम प्रधानी का चुनाव लड़ने से पूर्व इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी, जिसके लिए पुनः मतदान कराया गया। कोपा वार्ड के अलावा समिति के 11 में से 10 संचालक पूर्व में ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।



# तराई के गौरव को दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

रुद्रपुर। देश के बड़े साहित्यकार, पत्रकार स्तंभकार व समीक्षक के रूप में पहचान रखने वाले लेखक अवधेश प्रीत के आकस्मिक निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर है। उन्हें तराई के गौरव की उपाधि हासिल थी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए स्थानीय जनता इंटर



कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अश्रुपूरित पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में शोध कर्ता रमेश प्रणेश,सबाहत हुसैन खान, कस्तूरी लाल तागरा, पवन अग्रवाल, संदीप मेहता, कीमती राणा, शंभू पांडे, शैलेय, इंडियन एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार पलाश विश्वास समेत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कुमाऊं प्रभारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव, रविकांत वर्मा, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, आदि साहित्य एवं रंगमंच से जुड़ी कई महान एवं नामचीन हस्तियां शामिल रही।



## दुनिया से जाने वाले जाने चले जाते हैं कहां..

रूद्रपुर। लेखनी को एक नया आयाम देने वाले दिवंगत अवधेश प्रीत का जन्म वर्ष 1958 की 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के तरांव गांव में हुआ। उनकी कर्मभूमि पटना बिहार रही है। बचपन से प्रतिभा के धनी अवधेश प्रीत ने गांव से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद जीवन का महत्वपूर्ण सफर शुरू किया। उन्होंने रुद्रपुर में रहकर कुमाऊं विश्वविद्यालय से स्नातक तथा हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि रखने वाले अवधेश की रचनाओं में अशोक राजपथ (उपन्यास) हस्तक्षेप, नृशंस, हमजीन, कोहरे में कंदील, चांद के पार, एक चाबी कहानी संग्रह आदि रचनाओं ने देश ही नहीं वरन विदेशों में भी खूब ख्याति अर्जित की। दिवंगत प्रीत की नृशंस कहानी का मंचन एनएसडी दिल्ली, बाबूजी की छतर का मंचन एक्ट वन दिल्ली, तालीम का मंचन रंग श्री पटना, ग्रास रूट का मंचन थिएटर यूनिट पटना, हमजीन का मंचन अक्षर पटना व इंटिमेट थिएटर इलाहाबाद, चांद के पार एक चाबी का मंचन थिएट्रांस लखनऊ द्वारा किया जा चुका है। उनकी कहानी अली मंजिल और अलभ्य पर दूरदर्शन द्वारा टेली फिल्म भी बन कर प्रसारित हो चुकी है श्री प्रीत के खाते में बनारसी प्रसाद भोजपुरी कथा सम्मान, सुरेंद्र चौधरी कथा सम्मान, विजय वर्मा कथा सम्मान तथा फणीश्वर नाथ रेणु कथा सम्मान उनकी विशेष उपलब्धियां कहीं जाएंगी। दिवंगत अवधेश प्रीत लंबे समय तक दैनिक हिंदुस्तान पटना में सहायक संपादक के दायित्व का निर्वहन करते रहे। पिछले कुछ समय से वह स्वतंत्र लेखन में पूर्णरूपेण निमग्न थे कि इसी बीच बीते 12 नवंबर को उनका आकस्मिक निधन हो गया।


# मां हंसेश्वरी भारती जी की स्मृति में संगीतमय सुंदरकाण्ड एवं संत समागम 22 नवम्बर को

रुद्रपुर। गुरु मां वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज का प्रथम निर्वाण दिवस श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। पूज्य देवी जी 22 नवम्बर 2024 को



अपना चोला त्यागकर मां भगवती की ज्योति में लीन हो गई थी। इस पावन अवसर पर श्री वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दिन सुबह 10 बजे संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ से प्रारंभ होगा। दोपहर 12 बजे संत प्रवचन आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु देवी जी के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे विशाल भण्डारा का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए वैष्णो भजन मण्डल के महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना एवं सतनाम सिंह ने श्रद्धालुओं और जनमानस से धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :



आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# 'ब्रांड उत्तराखंड' को मजबूत करें सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर : धामी

## मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंथन कार्यक्रम में की उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक धरोहरों को प्रमुखता से उजागर करने की अपील



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से अपने कंटेंट में उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक धरोहरों और सामाजिक उपलब्धियों को प्रमुखता से उजागर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर, फेक न्यूज या नकारात्मक नैरेटिव की भी प्रभावी काट कर सकते हैं। बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित 'सोशल मीडिया मंथन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज सोशल मीडिया संचार और सूचना के आदान-प्रदान का सबसे तेज और प्रभावी माध्यम बन चुका है। दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति अपने विचार और अपना दृष्टिकोण को कुछ ही क्षणों में पूरे विश्व तक पहुँचा सकता है। सोशल मीडिया ने आम नागरिक की आवाज को मंच प्रदान किया है। यही कारण है कि आज विश्व की बड़ी से बड़ी घटना से लेकर एक गांव की छोटी सी समस्या तक कुछ ही सेकंड में लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुँच जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष



2014 में सत्ता संभालने के साथ ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को शासन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को संवाद, पारदर्शिता और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का ऐसा सशक्त माध्यम बनाया है, जिसने शासन व्यवस्था को न केवल जन केंद्रित बनाया, बल्कि प्रत्येक नागरिक को नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया से भी प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ग, फेसबुक, 'मन की बात', माईगॉव और पीएमओ के डिजिटल इकोसिस्टम जैसे माध्यमों से भारत में 'डिजिटल गवर्नेंस' की एक नई मिसाल स्थापित की है। वो स्वयं भी विश्व के सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले राजनेताओं में शीर्ष स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश सरकार भी डिजिटल उत्तराखंड निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर सभी विभाग तक जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले शिकायत दर्ज करने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, परन्तु आज एक ट्वीट या फेसबुक संदेश से तत्काल समाधान मिल जाता है। वो स्वयं प्रतिदिन राज्य के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आने वाले सुझावों, शिकायतों और जनसमस्याओं की निगरानी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार सिर्फ एक पोस्ट या लाइव के कारण किसी बच्चे का इलाज संभव हुआ है, किसी बुजुर्ग की पेंशन बहाल हुई है, किसी सड़क की मरम्मत हुई या किसी आपदा या विपत्ति में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बचाने में सहायता मिली है। वहीं, दूसरी तरफ सोशल मीडिया का तेजी से दुरुपयोग भी बढ़ रहा है। आज फेक न्यूज, अफवाहों और नकारात्मक नैरेटिव्स के माध्यम से समाज में भ्रम फैलाने की प्रवृत्ति एक चुनौती बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया की शक्ति का उपयोग वैचारिक विभाजन पैदा करने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को लेकर गलत धारणाएँ फैलाने के लिए भी कर रहे हैं। ऐसे समय में जिम्मेदार सोशल मीडिया वॉरियर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ धर्म विरोधी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता वाले लोग भ्रामक खबरों, फेक नैरेटिव और झूठे प्रचार के माध्यम से हमारी धार्मिक आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे समय में किसी भी भ्रामक, तथ्यहीन या समाज-विरोधी सामग्री का न केवल तत्काल फैक्ट-चेक किए जाने की जरूरत है, बल्कि उसकी तथ्यात्मक जानकारी भी जन-जन तक पहुँचाए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कई बार कुछ नेगेटिव कंटेंट क्रिएटर्स सरकार, समाज, धर्म और प्रदेश के गौरव से जुड़ी खबरों को तोड़ मरोड़कर भ्रामक तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर अधिक व्यूज और लाइक बटोरना चाहते हैं। लेकिन सभी को ये समझने की आवश्यकता है कि प्रसिद्धि और फॉलोअर्स की दौड़ के बीच एक बारीक रेखा हमारी नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक कर्तव्य की भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जब से देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप की रक्षा के लिए विभिन्न कानून के माध्यम से अराजक तत्वों खिलाफ कठोर कदम उठाए हैं। तभी से कुछ राष्ट्र विरोधी तत्व और अर्बन नक्सल गैंग के लोग सोशल मीडिया पर अलग-अलग नामों से फर्जी अकाउंट बनाकर फेक नरेटिव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने कंटेंट में उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, सांस्कृतिक धरोहरों और सामाजिक उपलब्धियों को प्रमुखता से उजागर करें। इससे 'ब्रांड उत्तराखंड' की पहचान और मजबूत होगी। इस मौके पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।



# शहीदी दिवस पर श्री गुरु तेग बहादुर जी को किया नमन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानी के ऑडिटोरियम में "हिंद की चादर" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन उत्तराखंड सरकार और जिला पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सिखों के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी जिन्हें हिंद की चादर के रूप में सम्मानित किया जाता है के महान बलिदान की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उनके प्रेरणादायक जीवन, धार्मिक सहिष्णुता, सामाजिक एकता और मानवता के सर्वोच्च मूल्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान भारत की सांस्कृतिक विरासत, साहस और एकता का प्रतीक है, जिसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही गहन है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने गुरु जी के विचारों और शिक्षाओं को स्मरण करते हुए समाज में एकता, मानवीय मूल्यों और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उपस्थित श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों ने गुरु जी के उद्देश्यों और शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नैनीताल- उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बिंद्रा, हल्द्वानी नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के डायरेक्टर प्रताप सिंह सिद्धू, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट तथा गुरुद्वारा सिंह सभा हल्द्वानी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चड्ढा भी कार्यक्रम में शामिल रहे।








## राज्याधीन सेवाओं में छह माह के लिए हड़ताल पर पाबंदी

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में छह माह के लिए एस्मा लागू कर कर्मचारियों के आंदोलन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दूसरी ओर, विभागों से गैरहाजिर चल रहे उपनलकर्मियों के लिए शासन ने उपनल के एमडी को नो वर्क-नो पे का आदेश दे दिया है। सचिव कार्मिक श्री शैलेश बगोली द्वारा इस संबंध में बुधवार को एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार लोकहित में उ. प्र.अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से छः मास की अवधि के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध की गई है।

# सिक्स सिग्मा में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा "गौरा शक्ति" मोबाइल एप्लिकेशन के संबंध में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा से जुड़ी आधुनिक सुविधाओं, विशेष रूप से "गौरा शक्ति" ऐप के उपयोग और महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन



संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, अध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन से डॉ. सुप्रीत कौर और दीपिका देवपा द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में साइबर सेल क्राइम ब्रांच रुद्रपुर से इंस्पेक्टर राजेश पांडेय, मंजू पांडेय, सब-इंस्पेक्टर रीता चौहान, दीपा, हेड कांस्टेबल ललित सिंह मेहरा तथा उनकी टीम ने प्रतिभाग किया। इंस्पेक्टर मंजू पांडेय और सब-इंस्पेक्टर दीपा ने छात्राओं को "गौरा शक्ति" ऐप की विशेषताओं, उपयोग की प्रक्रिया और वास्तविक जीवन में इसके सुरक्षा लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना दास , द्वितीय स्थान अनुष्का मंडल (तथा तृतीय स्थान तान्या अरोड़ा ने प्राप्त किया, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान समन पाशा , द्वितीय स्थान जिया हलदर तथा तृतीय स्थान आसना मंसूरी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पूर्व निधारित पुरस्कार प्रदान किए गए ।कार्यक्रम में कुल 160 विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने महिला सुरक्षा तथा साइबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सक्रिय सदस्य डॉ. अक्षिता बंग, हिमांशी लोहानी, शिल्पा विश्वकर्मा, भावना बिष्ट, दिव्या भारती और प्रगति सक्सेना ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# खनन के क्षेत्रों में सुधार कार्यो के लिए केन्द्र ने फिर दिये 100 करोड़



**इससे पहले भी माह अक्टूबर 2025 में राज्य को एसएमआरआई रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर मिल चुकी है 100 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि**

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन और लगातार सुधारों के चलते उत्तराखंड एक बार फिर केंद्र सरकार से बड़ी प्रोत्साहन राशि हासिल करने में सफल रहा है। केंद्र के खान मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 की विशेष सहायता योजना के तहत उत्तराखंड को माइनर मिनरल्स रिफॉर्म्स मैं 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। इससे पहले भी माह अक्टूबर 2025 में राज्य को एसएम आरआई रैंकिंग मैं दूसरा स्थान प्राप्त होने पर 100 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है। इस प्रकार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट सुधारों और बेहतर नीतियों की बदौलत उत्तराखंड को कुल 200 करोड़ रुपये की प्रोहोत्सन राशि प्राप्त हो चुकी है।राज्य ने हाल के वर्षों में खनन सुधारों पर जोर देते हुए बेहतर नीतियां लागू की हैं, जिसका परिणाम यह है कि उत्तराखंड ने खनन सेक्टर में देश में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। केंद्र द्वारा जारी ताजा कार्यालय ज्ञाप दिनांक 18.11.2025 में बताया गया है कि राज्य ने खनन क्षेत्र से जुड़ी अधिकांश सुधारात्मक कार्यवाहियों को समय पर और प्रभावी ढंग से लागू किया है। खासतौर पर माइनर मिनरल रिफॉर्म्स से संबंधित 7 में से 6 प्रमुख सुधारों के मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे राज्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है!खनन क्षेत्र में उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी और व्यवसाय- हितैषी नीतियों ने सरकार की आय में अभूतपूर्व वृद्धि की है। खनन विभाग के सुदृढ़ प्रबंधन तथा नई नीतियों ने न केवल सरकारी खजाने को मजबूती दी है, बल्कि प्रदेश में खनन कारोबार से लाखो लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है और इससे जुड़े लाखों व्यापारियों और उद्यमियों को भी आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। स्थानीय लोगो और सरकारी कार्यदायी संस्था को सस्ते दाम पर निर्माण सामग्री मिल रही है खनन गतिविधियों के चलते राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है।केंद्र सरकार ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि उत्तराखंड खनन क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और सुधारों को तेजी से लागू कर रहा है। इसी प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने वित्त मंत्रालय से राज्य को 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का आदेश जारी किया गया है है।उक्त आदेश में शामिल राज्यों-नागालैंड, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंडख्रमें उत्तराखंड का प्रदर्शन सबसे बेहतर दर्ज किया गया है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, सभी राज्यों ने खनन मैं सुधार प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनाई गई है।इस उपलब्धि के साथ यह साफ हो गया है कि उत्तराखंड का खनन क्षेत्र राज्य सरकार के लिए राजस्व का एक मुख्य स्रोत साबित हो रहा है। बढ़ती पारदर्शिता, बेहतर नीति निर्माण और समयबद्ध सुधारों की वजह से उत्तराखंड अब देश के खनन परिदृश्य में एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान बना रहा है!उत्तर प्रदेश,हिमाचल ,जम्मू कश्मीर आदि राज्य भी उत्तराखंड की खनन नीतियों का अनुसरण कर रहे है।

## हाईवे पर आग का गोला बनी थार, चार छात्रों ने कूदकर बचाई जान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईवे पर अटरिया रोड के सामने बुधवार दोपहर एक चलती थार अचानक आग का गोला बन गई। कार में सवार चार छात्रों ने सूझबूझ दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना से हाईवे पर एक किमी लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, थार चालक जशन सिंह, निवासी लखीमपुर खीरी (उप्र), ग्राफिक एरा का छात्र है और हल्दूचौड़ में रहता है। वह बुधवार दोपहर तीन बजे दोस्तों के साथ रुद्रपुर के एक होटल से जन्मदिन मनाकर हल्दूचौड़ लौट



रहा था। मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचते ही उन्होंने कार के बोनट से धुआं उठता देखा। स्थिति भांपते हुए जशन ने तुरंत वाहन रोक दिया और सभी छात्रों को सुरक्षित दूरी पर ले आया। कुछ ही मिनटों में थार ने भीषण आग पकड़ ली। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरी कार पलभर में जलकर खाक हो गई। इस दौरान हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, सीपीयू और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगभग आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। एफएसओ महेश चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संभवत: स्पार्किंग प्रतीत हो रहा है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि थार में आग लगने की सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल टीम इसकी जांच कर रही है।

## तीन शातिर लुटेरे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

रूद्रपुर (दद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भयमुक्त एवं अपराध-मुक्त उत्तराखंड के विजन को साकार करने के लिए पुलिस लगातार कड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में एसएसपी मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में ऊधमसिंहनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। घटना 19 नवंबर 2025 की है, जब थाना पंतनगर पुलिस क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का खुलासा करने हेतु आरोपियों की तलाश में थी। रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि तीन संदिग्ध व्यक्ति संजय वन क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पुलिस पर



दो राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी अरमान और रेहान गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और घायलों को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में अरमान उर्फ मुन्ना निवासी रेशमबाड़ी, रुद्रपुर, सुमित गंगवार निवासी नीलकंठ कॉलोनी, किच्छा तथा मोहम्मद रेहान निवासी रेशमबाड़ी, रुद्रपुर शामिल हैं। तीनों के खिलाफ चोरी व लूट के कई मामले पहले से दर्ज हैं और ये पूर्व में कई बार जेल जा चुके हैं। अरमान तीन बार, सुमित एक बार लूट और दो बार चोरी में, जबकि रेहान दो बार कोतवाली रुद्रपुर और एक बार ट्रॉजिट कैंप से चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 12 बोर, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस भी बरामद किए। पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी क्षेत्र में सक्रिय लुटेरों के नेटवर्क पर बड़ी चोट है और अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भाजपाईयों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी।भारतीय जनता पार्टी, हल्द्वानी नगर मण्डल की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बीते दिनों उत्तर उजाला में गौवंश के साथ हुई घटना के सम्बन्ध में ज्ञापन प्रेषित किया । जिसमे गौवंश के साथ हुई घटना में दर्ज मुकदमे में शीघ्र उचित कार्यवाही एवं दोषियों को कठोर से कठोर दण्ड के लिए कहा गया तथा सोशल मीडिया में अनावश्यक रूप से प्रमाणिक तथ्यो के बिना भ्रामक खबरे चला कर शहर का सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है, उन पर भी तत्काल कार्यवाही की जाए व किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में हल्द्वानी नगर के अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, नगर महामंत्री सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष रविन्द्र श्रोत्रिय, नगर मंत्री विजय बिष्ट, अजय राज, नगर कोषाध्यक्ष मनोज चौहान, आई0टी0संयोजक निश्चल जोशी, नगर सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भारद्वाज उपस्थित रहे।



# हर वार्ड में निरंतर बहेगी विकास की गंगा: विकास शर्मा

**महपौर ने वार्ड 13 और 17 में किया लाखों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ**

रुद्रपुर। नगर के समग्र विकास को गति देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बुधवार को वार्ड नंबर 13 और 17 में लाखों रुपये के विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। वार्ड नंबर 13 में 8.85 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली सीसी सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत नारियल फोड़कर की गई। वहीं वार्ड नंबर 17 में रामचंद्र यादव के घर से साबिर खान के घर तक बनने वाली 13.76 लाख रुपये लागत की सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।निर्माण कार्यों की शुरुआत के दौरान दोनों वार्डों के स्थानीय निवासियों ने महापौर का गर्मजोशी से स्वागत किया और पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में आर्थिक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए सभी वायदे प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि खेड़ा क्षेत्र में सड़क और नाली निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। महापौर ने आश्वासन दिया कि शहर के किसी भी वार्ड को विकास की दृष्टि से उपेक्षित नहीं रहने दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में विकास कार्यों की गति और तेज हुई है। राज्य सरकार की योजनाएँ चाहे वह बुनियादी ढांचा हो, रोजगार के अवसर हों या सामाजिक कल्याणकृसबका लाभ सीध`जनता तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन से रुद्रपुर शहर में सड़कों, नालियों, पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।महापौर शर्मा ने बताया कि पिछले बोर्ड में पारित सभी प्रस्तावों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बोर्ड की तीसरी बैठक में पारित प्रस्तावों पर भी जल्द क्रियान्वयन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि शहर का समग्र विकास उनका लक्ष्य है और नगर निगम पूरी ईमानदारी व निष्ठा से काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का सहयोग और भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी आशीर्वाद के साथ शहर को स्मार्ट और विकसित बनाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर वार्ड नंबर 13 के पार्षद अशफाक अंसारी, वार्ड 17 की पार्षद शालू पाल, वार्ड 20 के पार्षद परवेज कुरैशी, वार्ड 15 के पार्षद नूरुद्दीन अहमद, वार्ड 26 के पार्षद प्रतिनिधि रिजवान खान, वार्ड 18 के पार्षद प्रतिनिधि ईरशाद अंसारी, वार्ड 16 के पार्षद प्रमोद शर्मा, पूर्व पार्षद उमर अली, डॉ. शाहिद, निशार शेख, वाहिद मियां, अजगर रजा, इमरान, हरिओम, रईस, इदरीश, इंटेयाज, अमीर हुसैन, मोहम्मद अजीज, बबलू, इरफान अली, जिशान, रियाजउद्दीन, हाजी छोटे, इकराम कुरैशी, अब्दुल वासिद, रंजीत पाल, कुसुम पाल, रीना पाल, बदामी देवी, शैलेश पाल, माधुरी पाल, रामकली, राधा, बिंदु पाल, गीता पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।







**उत्तरांचल दर्पण**
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गिरोहबाजों की धरपकड़

देश में गिरोहबाजों का तंत्र सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। अपराध की दुनिया के ये कुख्यात सरगना कई बड़ी वारदातों को अंजाम देने के बाद आसानी से विदेश भाग जाते हैं और वहीं से अपने गिरोह को संचालित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तमाम सख्ती के बावजूद ऐसे कई गिरोह पनपे, जो समाज के लिए बड़ा खतरा बन गए। गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अमेरिका से 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया, इनमें भारत के 3 लोग हैं। अनमोल के अलावा दो लोग पंजाब के हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनमोल का डिपोर्टेशन अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने से जुड़ा है। वहां उसकी गिरफ्तारी भी इसी मामले मे हुई थी। उसका भारत में किए क्राइम से इस डिपोर्टेशन का संबंध नहीं है। हालांकि अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने एनसीपी लीडर रहे बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को ईमेल भेजकर अनमोल के डिपोर्टेशन की जानकारी दी है।लारेंस बिश्नोई गिरोह भी इनमें से एक है। लारेंस के सुरक्षा एजेंसियों की गिरफ्त में आने के बाद उसका भाई अनमोल अमेरिका से इस गिरोह को संचालित कर रहा था।मगर, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अब उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित कर गिरफ्तार कर लिया है। वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी और पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या सहित कई अन्य अपराधों में वांछित था।अनमोल की गिरफ्तारी को भले ही जांच एजेंसी की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, लेकिन सवाल है कि इस तरह के अपराध ी सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर विदेश कैसे फरार हो जाते हैं?इसे सुरक्षा एजेंसियों की विफलता नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि लारेंस बिश्नोई गिरोह ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात सहित तेरह राज्यों में अपना तंत्र खड़ा कर लिया था। यही नहीं, इस गिरोह ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, दुबई और पुर्तगाल जैसे देशों में भी अपनी जड़ें जमा लीं।क्या कारण है कि तमाम संसाधनों और तकनीकी दक्षता के बावजूद राज्यों की पुलिस एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस तरह के गिरोहों पर लगाम कसने में उतनी सतर्क एवं सजग नजर नहीं आतीं, जितनी उनसे अपेक्षा की जाती है। लारेंस और अनमोल के अलावा और भी कई गिरोहबाज विदेश से देश के भीतर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने की साजिश रचते रहते हैं। हालांकि, केंद्र सरकार ने ऐसे गिरोहबाजों की धरपकड़ के लिए पिछले कुछ समय से अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज किया है और मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं में शामिल तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाना इन्हीं प्रयासों का नतीजा है। उम्मीद है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियां विदेश में बैठे आर्थिक अपराधियों सहित अन्य गिरोहबाजों को भी न्याय के कठघरे में लाएगी।

# अगले चीफ जस्टिस सूर्यकांत दे सकते है बनभूलपुरा अतिक्रमण केस का फैसला

### पिछली सुनवाई उन्हीं की बेंच में हुई, अगली तारीख 2 दिसंबर



हल्द्वानी। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से लगे बनभूलपुरा में रेलवे अतिक्रमण मामले में अगली तारीख को फैसला सुनाए जाने की उम्मीद की जा रही है। माना जा रहा है सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अदालत में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई होगी। पिछली तारीख में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाला बागची की बेंच में इसकी सुनवाई हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया है। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। सुप्रीम कोर्ट में 14 नवंबर को बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले की सुनवाई हुई थी कब्जेदारों और सरकार पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगली तिथि 2 दिसंबर तय की गई है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जयमाला बागची के बेंच में उक्त केस की सुनवाई हुई थी जानकारी के अनुसार माननीय उच्चतम न्यायालय में बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण मामले की सुनवाई के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय में पक्षकारों द्वारा अपना पक्ष रखा गया था। रेलवे द्वारा अपनी योजना के अनुरूप निर्माण हेतु 30 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता बताई गई तथा इस पर हुए अतिक्रमण को शीघ्र खाली कराते हुए इस भूमि को यथाशीघ्र खाली करने हेतु न्यायालय से निर्देश देने का अनुरोध किया गया। पिछली सुनवाई के दौरान बेंच ने ये भी कहा था कि इस मामले को वे अगली तारीख में विस्तार से सुनेंगे। 14 नवंबर की सुनवाई में रेलवे की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी तथा उत्तराखंड सरकार की ओर से अभिषेक अत्रे उपस्थित रहे। कब्जेदारों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद प्रशांत भूषण सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे थे। विपक्षी उत्तर दाताओं के अधिवक्ताओं द्वारा दो प्रमुख बिंदु उठाया गया है कि रेलवे द्वारा जो जमीन की माँग की गई है वह माँग पूर्व में नहीं थी और रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को अब नुकसान नहीं होगा क्यों की रिटेलिंग वाल का निर्माण कर दिया गया है तथा दूसरा बिंदु यह उठाया गया है कि लंबे समय से रहने वाले लोगों को अब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की बात कही जा रही है जो की अनुचित है। इसका विरोध रेलवे की अधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि बनभूलपुरा रेलवे मामले में रेलवे की अदालत में कई सालों तक ये मामला चला उसके बाद हाई कोर्ट में भी सुनवाई हुई, जिसमें फैसला कब्जेदारी के खिलाफ गया।

# प्रवासियों का आधार, राशनकार्ड बनेगा केवाईसी का आधार

सितारगंज (उद संवाददाता) राशन कार्ड के उपभोक्ताओं को केवाईसी प्रक्रिया में सुविधा दी गई हैं। पूर्ति विभाग के अनुसार राज्य से बाहर गए राशन उपभोक्ताओं की केवाईसी वहीं पर लोकल स्तर में हो सकती है। इसके लिए केवाईसी एप में राष्ट्रीय स्तर का ऑप्शन है। इसी तरह उत्तराखंड राज्य में प्रवासी मजदूर, नौकरीपेशा आदि लोग राशनकार्ड और आधारकार्ड के आधार से संबंधित स्थानों में केवाईसी करा रहे हैं। राशन कार्ड की केवाईसी प्रक्रिया इसलिए की जा रही है सरकारी दरों पर राशन प्राप्त करने वाला उपभोक्ता जीवित है या नहीं, इसके साथ ही इस प्रक्रिया में आपात्रण राशन कार्डों का भी आसानी से पता चल सकेगा। 30 नवंबर सत्यापन की अंतिम तिथि है। पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट ने बताया कि यहां के स्थानीय राशन कार्ड धारक अगर दूसरे राज्यों में रोजगार, शिक्षा आदि को लेकर निवासरत है, तो इस वह लोकल स्तर पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में ऑनलाइन केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए केवाईसी प्रक्रिया में नेशनल और लोकल स्तर का ऑनलाइन ऑप्शन दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर में बाहरी राज्यों से आए प्रवासी लोगों की राशन कार्ड और आधार कार्ड के माध्यम से संबंधित तहसील, राज्य, दुकान के आधार पर केवाईसी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विदेशों में रहने वाले एनआरआई के मामले में अभी कोई गाइडलाइन नहीं आई है।

# लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का खेल!



बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में वर्चस्व का संग्राम छिड़ गया है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज खान को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। परिवार के सदस्यों में मानसिक विकृति किस हद तक होती है, इसका उदाहरण देते हुए रोहिणी ने कहा है कि 'मुझे गालियां देते हुए कहा गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। इसके बदले में मैंने करोड़ों रुपए और चुनावी टिकट लिए। मुझे अब अपनी उदारता पर पछतावा हो रहा है। मेरा देश की सभी बेटियों से अनुरोध है कि जब आपके मायके में कोई बेटा या भाई हो तो भूलकर भी अपने पिता को नहीं बचाएं।' लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी रोहिणी के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि 'यदि बहन रोहिणी का माता-पिता ने किसी भी तरह का मानसिक उत्पीड़न दिया है तो उसकी जांच होनी चाहिए।' तेजप्रताप ने यहां तक कह दिया कि जयचंदों को जमीन पर दफन कर देंगे। राज और राजनीतिक वंशों में देखने में आया है कि जब तक वे प्रगति कर रहे होते हैं, तब तक उनमें एकता बनी रहती है, लेकिन पतन के समय ये कुनबे बिखर जाते हैं। कुदरत का यह ऐसा जाल है कि वह वंशों के डीएनए में ही अलगाव के बीच बो देता है। भारतीय लोकतंत्र की जमीन पर जड़ें जमाते राजनीति के वंश-वृक्ष देश की संवैधानिक संप्रभुता की जड़ों में मट्ठा घोलने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस समेत हरेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल में राजनीतिक उत्तराधिकार और वंशवाद को राजनीति के फलक पर स्थापित करने की होड़ लगी है। भाजपा में भी वंशवाद का रोग पनपा हुआ है। वामदलों को जरूर हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे दलों की मानसिकता पर कुठाराघात करते हुए उन्हें लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना का विरोधी बताते हुए हमेशा हमलावर रहे हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति को सामंतशाही की संरक्षक और लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं के लिए घातक बताया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकृत वंशवादी मनोवृत्ति के चलते बहुदलीय शासन प्रणाली, एकतंत्रीय व्यक्तिवाद की गिरफ्त में आती जा रही है। इस नाते देश के प्रमुख राष्ट्रीय दल संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकध्रुवीय बनाने की कोशिश में लगे रहे हैं। कांग्रेस ने तो समूची राजनीति को राहुल गांधी और क्षेत्रीय दलों ने परिवार के मुखियाओं पर केंद्रित कर दी है। जबकि संवैधानिक व्यवस्था बहुदलीय है। लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का यह खेल न तो देश की बुनियादी समस्याएं भूख, अन्याय और असमानता से लड़ने में कामयाब हो सकती हैं और न ही सीमाई संप्रभुता व आंतरिक समस्याओं से निपटने में दो-चार हो सकती हैं? दरअसल आसानी से मिला राजनैतिक उत्तराधिकार का वैभव व्यक्ति की मानसिकता को सुविधा-भोगी और व्यक्तिवादी महत्वाकांक्षा को बढ़ाने का काम करता हैं। वह राजसी भोग-विलास में भी लग जाता है। प्रजातंत्र में यह स्थिति अपरोक्ष रूप से सामंती मूल्यों को स्थापित करने वाली है।स्वतंत्रता के बाद अस्तित्व में आए संविधान में समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आदर्शों के साथ देश को एक मजबूत राष्ट्र में गूंथने की परिकल्पना की गई थी। किंतु जब 1952 में स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव हुआ तो संविधान में दर्ज आदर्शों को पलीता लगाने का काम कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दलों ने धर्म और जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन और वोट मांग कर किया। अब आजादी के 78 साल बाद भी धर्म और जाति तो अपनी जगह कायम हैं ही, खरपतवार की तरह वंशवादी ऐसे बरगदी वृक्ष भी उग आए हैं,जो प्रजातांत्रिक मूल्यों और भावनाओं को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। बुंदेलखंण्ड में एक कहावत प्रचलित है कि चंबल नदी की गहराई एक दर्जन खाटों की बान से भी नहीं नापी जा सकती? लेकिन प्रजातंत्र की मिट्टी में वंशवाद की जड़ें जितनी गहरी होती जा रही हैं,उन्हें तो दो दर्जन खाटों के बान से भी नहीं नापा जाना मुश्किल है?राजनैतिक वंशवाद का वास्ता ग्वालियर क्षेत्र में सिंधिया राजघराने से आज भी मजबूती से जुड़ा है। आजादी की लड़ाई में असहयोग के बावजूद राज-परिवार की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि वंशवाद से नाता टूटने की फिलहाल कोई उम्मीद ही नहीं हैं। विजयाराजे सिंधियां से शुरू हुआ वंशवादी यह जीवाणु उनके बेटे माधवराव सिंधिया और बेटियों वसुंधरा राजे व यशोधरा राजे के बाद इनकी तीसरी पीढ़ी ज्योतिरादित्य और दुष्यंत सिंह के जरिए भी अवतरित होता चला गया है। अब ज्योतिरादित्य अपने पुत्र महाआर्यमन को मध्यप्रदेश क्रिकेट ऐसोशिएशन के जरिए राजनीति की सीढ़ियां चढ़ाने में लगे है। एक समय इस वंश की खूबी यह रही कि यह देश के दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस में समान रूप से स्थापित रहा, लेकिन अब ज्योतिरादित्य के भाजपा में आने के बाद पूरा कुनबा भाजपाई हो गया है।इन दो वंश-वृक्षों से उत्प्रेरित होकर कालांतर में कई राजनेताओं के परिवार इस डगर पर चल निकले हैं। इसमें वे लोहियावादी भी शामिल हैं,जो कई दशकों तक विवाद को कोसते हुए इन्हें लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताते रहे। लेकिन क्षेत्रीय दलों के प्रमुख बनने और सत्ता की बागडोर हाथ में आते ही लालू प्रसाद, मुलायम सिंह और रामविलास पासवान इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लालू को जब चारा घोटाले के मामले में बिहार का मुख्यमंत्री रहते हुए जेल जाने की नौबत आई,तो उन्हें अपना राष्ट्रीय जनता दल में ऐसा एक भी होनहार नेता नहीं दिखाई दिया जो मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने की काबिलियत रखता हो? आखिरकार यह योग्यता उन्हें अपनी निरक्षर धर्मपत्नी राबड़ी देवी में ही दिखाई दी। अंततः लालू ने प्रजातांत्रिक राज्यसत्ता राबड़ी को मनोनीत करके हस्तांतरित कर दी। स्वतंत्र भारत में राज्यसत्ता के पारिवारिक उत्तराधिकारी को ही हस्तांतरित किए जाने की यह मनोवृत्ति सबसे शर्मनाक स्थिति रही है। बाद में लालू के दो पुत्र और दो पुत्रियां राजनीति में सीधे दखल देने लग गईं। किंतु 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू कुनबे की कलह सड़क पर आ गई। मुलायम सिंह यादव की कहानी भी लालू जैसी ही है। इनके पूरे कुनबे ने ही राजनीति में हस्तक्षेप करके गांधी और सिंधिया परिवार को पीछे छोड़ दिया है। मुलायम के भाई शिवगोपाल और रामपाल राजनीति में हैं। बेटा अखिलेश उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी उन्हीं की मुट्ठी में है। अखिलेश की पत्नी डिंपल भी सांसद हैं। भतीजे धर्मेन्द्र और अक्षय भी सक्रिय राजनीति में हैं। रामविलास पासवान के भाई रामचंद्र तो पहले से ही राजनीति में थे अब उनकी मृत्यु के बाद पुत्र चिराग की मुट्ठी में लोक जनशक्ति पार्टी की कमान है। रामविलास पासवान 2002 में गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों के कारण राजग से अलग हो गए थे। उन्होंने इन दंगों का ठीकरा नरेंद्र मोदी पर फोड़ा था, लेकिन 2014 में जब मोदी का राजनैतिक वर्चस्व देश की राजनीति पर छा गया था, तब चुनाव के पूर्वानुमान ताड़ते हुए वे चिराग के कहने पर राजग गठबंधन के सहयोगी बन गए थे। ये चिराग वही हैं, जो राजनीति में आने से पहले फिल्मों में किस्मत आजमा रहे थे, लेकिन वहां प्रतिभा का कमाल दिखा नहीं पाए तो राजनीति में चले आए। परिवारवाद के चलते राजनीति में तो बिना प्रतिभा के भी कामयाबी हाथ लग जाती है, फिर पिता की विरासत साथ हो तो शंका की कोई गुंजाइश ही नहीं रह जाती। हालांकि अब चिराग और उनके चाचा पाराश के बीच वर्चस्व की जंग छिड़ी हुई है। दक्षिण में भी वंश-वृक्ष खूब फल- फूल रहे हैं। आठ दशक पुराने क्रांतिकारी द्रविड आंदोलन और हिन्दी के विरोध की कोख से जन्मी द्रविड मुन्नेत्र कशगम यानी द्रमुक भी वंशवाद की राह पर है। एम करुणानिधि की राजनैतिक विरासत का वास्तविक उत्तराधिकारी कौन है, इस सवाल को लेकर उनके दोनों बेटों में खूनी जंग भी छिड़ चुकी है। हालांकि बड़े बेटे एमके अलागिरी की बजाए करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्तालिन को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, इसलिए पार्टी, तमिलनाडु और राज्य सत्ता की कमान स्तालिन के हाथ है। उनकी बेटी कनिमोझी भी सांसद हैं। 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में वे जेल भी जा चुकीं हैं। हालांकि करूणानिधि और उनका दल साम्यवाद से प्रभावित रहा है। मार्क्स का जो ऐतिहासिक भौतिकवाद है, वह प्रजातंत्र में कुनबापरस्ती का विरोध करता है, लेकिन करुणानिधि का वंश इसी कुनबापरस्ती की गिरफ्त में है। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी की सुप्रीमो मायावती अविवाहित हैं, बावजूद वंशवादी मानसिकता के चलते अपने भतीजों को आगे बढ़ा रही हैं।तेलंगाना में केसीआर का उत्तराधिकारी कौन हो इसे लेकर भाई-बहन आपस में टकरा रहे हैं। बेटी कविता 2023 के शराब घोटाले में गिरफ्तार हुई तो भीतर का संघर्ष सड़क पर आ गया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के अलग होने के बाद 2022 में शिंदे की बगावत ने शिवसेना के दो फाड़ कर दिए। इस अलगाव की वजह से बाल ठाकरे की विरासत कमजोर हुई तो भाजपा सत्ता के सिंहासन पर जा बैठी। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर की मौत के बाद 2023-24 में पैतृक संपत्ति पर अधिकार को लेकर जगन और उर्मिला के बीच विवाद सामने आया और दोनों अलग-अलग दलों में पहुंच गए। महाराष्ट्र में शरद पवार की राजनीतिक विरासत पर रस्साकशी के बाद 2023 में अजीत पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए, जिसके चलते पार्टी दो हिस्सों में विभाजित हो गई, इस विभाजन के साथ ही महाराष्ट्र में कई सीटों पर कांग्रेस-शिवसेना और अन्य गठबंधनों के साथ समीकरण बदल गए। जिसका नतीजा कांग्रेस शरद पवार और शिवसेना को भुगतना पड़ा। आज देश में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह निर्मित हो गई है कि एक जमाने में वंशवाद के जो प्रबल विरोधी थे और जिन्हें गांधी परिवार फूटी आंख भी नहीं सुहाता था, वे इसके समर्थक व निष्ठावान अनुयायी हो गए हैं। इसी कारण राजनीतिक वंशवाद ने अब एक ब्रांड का रूप धारण कर लिया है। आम जनता को इससे सचेत होने की जरूरत है। ब्रिटेन के लोकतंत्र का उल्लेख करते हुए दार्शनिक रूसो ने कहा था,'इंग्लैंड की जनता समझती है कि वह आजाद है,तो यह उसका भ्रम है। जनता की आजादी केवल वहीं तक है,जहां तक वह माननीय सांसदों का चुनाव करती है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जनता को गुलाम कैसे बनाए रखा जाए, इस दूषित मानसिकता का दुष्चक्र तुरंत घूमना शुरू हो जाता है। भारत में यह कथन सत्य के निकट है।

प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# मुख्य सचिव ने ली भागीरथी इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति की बैठक

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में भागीरथी इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि इको संसेटिव जोन की परिधि में तत्काल सुरक्षात्मक और उपचारात्मक कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग और संबंधित विभागों और एजेंसियों को नदी से सटे क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और अन्य सुरक्षात्मक कार्यों को करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने गैर कृषि और कमर्शियल गतिविधियों की अनुमतियों के संबंध में जिलाधिकारी उत्तरकाशी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में संबंधित जोनल मास्टर प्लान, पर्यावरण और जैव विविधता से जुड़े विभिन्न प्रावधानों का व्यापक अध्ययन कर लें। इस संबंध में यदि आईआईटी रुड़की/ हाइड्रोलॉजी संस्थान / वाडिया जैसे संस्थानों के वैज्ञानिक स्टडी की आवश्यकता अपेक्षित होती है तो उसको भी प्लान में शामिल करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निगरानी समिति की अगली बैठक में क्षेत्र का जोनल मास्टर प्लान के साथ-साथ यदि किसी कमर्शियल एक्टिविटी की परमिशन देने योग्य हो तो संबंधित प्रावधान तथा संबंधित नियामकीय निकाय की एन. ओ.सी. इत्यादि का संपूर्ण विवरण बैठक में प्रस्तुत करें। उन्होंने जोन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का महत्व बताते हुए कहा कि इस संबंध में विभिन्न विभागों और एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए धरातलीय स्थिति के अनुरूप प्लान बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि समिति के सदस्य और संबंधित विभागों और एजेंसियों के अधिकारी निर्धारित की गई विभिन्न साइट का स्थलीय निरीक्षण भी कर सकते हैं। उन्होंने इसके लिए निश्चित तिथि निर्धारण के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, इंडिपेंडेंट सदस्य राज्य निगरानी समिति मलिका भनोत, जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य, निदेशक यूटीडीबी (इंफ्रास्ट्रक्चर) दीपक खंडूरी, अधिशासी अभियंता सिंचाई संजय राय सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# किच्छा में विधायक उमेश कुमार का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर। खानपुर के विधायक उमेश कुमार के किच्छा क्षेत्र में आगमन पर समाजसेवी आनंद शर्मा के नेतृत्व में तमाम युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में ललित बिष्ट, शिवकुमार शिबू, वर्जन मंडल सहित क्षेत्र के



अनेक नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक उमेश कुमार का अभिनंदन करते हुए उनके प्रयासों और क्षेत्रीय विकास में योगदान की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में युवाओं ने गीत और नारे लगाकर विधायक के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्थन प्रकट किया।

# 5 दिसंबर को गदरपुर के विद्यालयों की होगी भाषण प्रतियोगिता

गदरपुर (उद संवाददाता)।जागृति एक नई पहल सामाजिक संस्था द्वारा बच्चों के संबोधन की कला को निखारने



के लिए एक भाषण प्रतियोगिता 5 दिसंबर को नगर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए जागृति संस्था के महामंत्री आकाश अरोड़ा ने बताया कि जागृति एक नई पहल के सौजन्य से नगर के बच्चों में भाषण कला को निखारने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता 5 दिसंबर दिन बुधवार को एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर के सभागार में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। भाषण प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया है जिसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चे भाग लेंगे। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 तक और सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक रहेगा। प्रत्येक विद्यालय को दोनों वर्गों में अलग-अलग विषय बोलने के लिए दिए गए हैं जिसमें जूनियर वर्ग में विषय देश की आजादी के बाद देश ने क्या खोया क्या पाया, ऑपरेशन सिंदूर हमारा गौरव,देश के विकास में मेरा योगदान मेरी भूमिका,अनुशासन सफलता की कुंजी, यह चार विषय दिए गए हैं ।इसी तरह सीनियर वर्ग में आजादी का असली अर्थ, सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप भारत देश के निर्माण में संविधान की भूमिका, उत्तराखंड की चुनौतियां पलायन और बेरोजगारी, सीनियर वर्ग में भी यह चार विषय दिए गए हैं। इन विषयों पर छात्र-छात्राएं अपने विचार रखेंगे और उनको इसके लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा महामंत्री आकाश अरोड़ा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नगर में नगर की सामाजिक धार्मिक शैक्षिक गतिविधियों को तेज करने के लिए इस संस्था का गठन किया गया है आने वाले समय में भी संस्था विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करेगी ।उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों को भी पत्र भेज कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# भारत विकास परिषद शाखा का गठन, दीपक अध्यक्ष बने

दिनेशपुर(उद संवाददात)। भारत विकास परिषद की नगर कार्यकारिणी का गठन हुआ । जिसमें सर्वसम्मति से दीपक मक्कड़ को अध्यक्ष चुना गया । जिसके बाद अगले 15 दिनों में अधिष्ठापन करने की घोषणा की गई । बुधवार को नगर के



एक होटल में आयोजित साधारण बैठक में भारत विकास परिषद की ओर से नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया । गहन मंथन और सर्वसम्मति से दीपक मक्कड़ को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई । इसी के साथ मयंक अग्रवाल ,तरुण सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया । गठन के बाद उपस्थित सदस्यों सहित अतिथियों ने सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान भारत विकास परिषद की मुहिम और उद्देश्य पर चर्चा की गई । अगले दो सप्ताह में अधिष्ठापन की घोषणा की गई । इस मौके पर रविन्द्र बजाज , नरेंद्र अरोरा , डॉ सोनू , राजेश नारंग , शिवम पुनियानी , चिराग आहूजा , विधु बजाज , दीपंकर मंडल , सोनू गोयल , शुभम चावला सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

# सहकारी समिति डायरेक्टर पद पर तीन नए चेहरों ने लहराया परचम

गदरपुर(उद संवाददाता)। बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव में तीन नए चेहरों ने अपनी जीत दर्ज की है। वार्ड नंबर 04 डोंगपुरी से हुसैनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुमन तनेजा को 17 मतों से हराया, जबकि उन्हें 56 मत प्राप्त हुए। हुसैनी की जीत ने क्षेत्र में एक नए नेतृत्व की शुरुआत की है, जिससे लोगों में काफी उत्साह है। वार्ड नंबर 07 महतोष से जरीना बेगम ने अपने प्रतिद्वंद्वी फरजाना को 19 मतों से हराकर जीत हासिल की, जरीना बेगम को 121 मत प्राप्त हुए। जरीना बेगम की जीत ने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वह किसानों के हितों की रक्षा करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए काम करेंगी। इसके अलावा, वार्ड नंबर 11 सकैनिया से भगवान दास ने जोगेंद्र कौर को 66 मतों से हराकर डायरेक्टर पद पर कब्जा जमाया, भगवान दास को 138 मत प्राप्त हुए। भगवान दास की जीत ने क्षेत्र में उनके समर्थन को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि वह किसानों को बेहतर बीज, उर्वरक और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के लिए काम करेंगे। किसानों ने भी इस चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। किसानों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नए डायरेक्टर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेंगे। अब सभी की नजरें अध्यक्ष पद के चुनाव पर टिकी हुई हैं, जिसके लिए मतदान जारी है। जल्द ही अध्यक्ष पद के लिए भी परिणाम घोषित किया जाएगा। इस चुनाव में जीतने वाले सभी सदस्यों को बधाई देते हुए, क्षेत्र के लोगों ने उम्मीद जताई है कि ये नए चेहरे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और किसानों के हितों की रक्षा करेंगे।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पैन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्ड तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolorlab@gmail.com
Web: jagdishcolorlab.com
05944-246817


# नशा मुक्त भारत अभियान में नैनीताल देश में 5वें स्थान पर

नैनीताल(उद संवाददता)।नशा मुक्त भारत अभियान के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के ई-शपथ कार्यक्रम के दौरान नैनीताल जनपद ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि जिले में नशामुक्ति के लिए चल रहे सतत प्रयासों, जनजागरूकता कार्यक्रमों और व्यापक जनभागीदारी का परिणाम है। श्री गौतम ने जिले के सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, संस्थानों, विद्यार्थियों, युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अभियान में दिए गए सहयोग की सराहना की और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समन्वित प्रयास और टीमवर्क बनाए रखते हुए नैनीताल को शासन की विभिन्न योजनाओं में निरंतर अग्रणी जिला बनाया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त समाज की दिशा में मिल रहे व्यापक जनसमर्थन पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी नागरिकों और सहयोगी विभागों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## पेज एक का शेष...

**नितीश कुमार ...**चेहरों को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई। नई सरकार में शपथ लेने वाले मंत्रियों में विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, नितिन नवीन, मदन सहनी, राम कृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह और दीपक प्रकाश शामिल हैं। इस अवसर पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को दोबारा डिप्टी सीएम बनाया गया। राज्यपाल ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने कुल 202 सीटें हासिल की हैं, और यह शपथ ग्रहण समारोह उनके लिए ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। समारोह में उपस्थित गणमान्य नेताओं ने नई सरकार की सफलता और बिहार के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं।

**चोरों का घर में...**है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी फुटेज कब्जे में ली है और संदिग्धों की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह वारदात पूरी तरह से रेकी करने के बाद अंजाम दी गई प्रतीत होती है। चोरों ने घर खाली होने की जानकारी होने के बाद ही वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी बबलू गंगवार ने बताया कि परिवार की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। इधर, क्षेत्रवासियों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। लोगों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**सूमो खाई में ....**दौरान टीमों ने रोप, स्ट्रेचर और अन्य उपकरणों का उपयोग कर खाई में उतरकर तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों में चालक कमलेश और उसके साथी मिलन व पूरन सिंह शामिल थे। सभी घायलों को तुरंत सीएचसी जोशीमठ अस्पताल में भर्ती कराया गया । रेस्क्यू टीम ने दोनों शवों को सुरक्षित मार्ग से ऊपर लाकर पुलिस को सौंपा जहां से दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोग पहाड़ी सड़कों पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जता रहे हैं और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

**नितीश कुमार के ...**भूमिका निभाई थी। आज पटना रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया गया। उनके आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ ने उन्हें फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर अभिवादन किया।

**दहेज की मांग ..**से मारने की धमकी देने लगा।उन्होंने बताया कि नईम की बहन भी उसे उनके विरुद्ध भड़काती हैं। दो नवंबर को नईम ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें तलाक-तलाक कहकर तीन तलाक दे दिया और उनकी बहन के घर उन्हें छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आजीविका सृजन गतिविधियों को दी जाए प्राथमिकता : गर्ब्याल

देहरादून। सचिव, ग्राम्य विकास श्री धीराज गर्ब्याल ने बुधवार को सभी जनपदों के सीडीओ के साथ वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम एवं वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सचिव ने स्पष्ट किया कि कार्य योजना बनाते समय आजीविका सृजन गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रत्येक चिन्हित विकासखण्ड में कम से कम एक Mother Poultry Unit की स्थापना तथा स्थानीय स्तर पर मत्स्य पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, सामुदायिक पर्यटन, प्रसंस्करण आदि



गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा हेतु चेन-लिंक फेंसिंग के प्रस्ताव भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपदों में संचालित ग्रोथ सेंटरों के उत्पादों के विपणन एवं उनकी नियमित मॉनिटरिंग की भी बात कही।बैठक में सीमान्त जनपद चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चम्पावत एवं ऊधमसिंह नगर की योजनाओं की अलग से प्रगति समीक्षा की गई। सचिव ने निर्देश दिए कि सीमान्त गावों के लिए क्लस्टर आधारित ग्राम संतृप्तीकरण कार्ययोजना तैयार की जाए। सचिव ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सीमान्त गाँव को सड़क, 4जी टेलीकॉम कनेक्टिविटी, टीवी कनेक्टिविटी एवं ग्रिड विद्युत से संतृप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव ग्राम्य विकास श्रीमती अनुराधा पाल, संयुक्त विकास आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह, उपायुक्त श्री ए.के. राजपूत, डॉ. प्रभाकर बेबनी सहित SPMU, ITDA के अधिकारी मौजूद रहे। सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## सूचना

श्री ओमप्रकाश झिल्डियाल पुत्र श्री दिनेश प्रसाद झिल्डियाल निवासी अद्रूवाला कण्डल पो0 ओ0 डोईवाला जिला देहरादून, मेरी उत्तर प्रदेश बोर्ड, हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1999 जिसका अनुक्रमांक 0415713,इण्टरमीडिएट वर्ष 2001 जिसका अनुक्रमांक-0198946 , बी कॉम प्रथम वर्ष 2002 जिसका रोल नं0. 28500953,बी0 कॉम द्वितीय वर्ष 2003 जिसका रोल नं0. 28425933 एवं बी0 कॉम तृतीय वर्ष 2004 जिसका रोल नं0. 221122 है,जिनके मूल अंक पत्र और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।


संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सीएससी सेंटरों पर छापे, तीन सेंटर किये सील

## पटवारी और कानूनगो की मुहरों के दुरुपयोग का खुलासा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।हल्द्वानी के बनभूलपुरा में कॉमन सर्विस सेंटर पर फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले के खुलासे के बाद ऊधमसिंह नगर जिले में भी प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया। बुधवार को गदरपुर एसडीएम ऋचा सिंह और तहसीलदार लीना चंद्रा धामी ने गूलरभोज के नई बस्ती स्थित विश्वास ऑनलाइन सर्विस सेंटर पर छापा मारा। जांच में सेंटर से एसडीएम की नोटरी मुहर के साथ एक खाली पेपर, पटवारी और कानूनगो सहित तीन अन्य अधिकारियों की मुहरें और पुराने बिजली के बिल बरामद हुए। सेंटर पर अन्य कई अनियमितताएं भी सामने आईं। संचालक कमलेश विश्वास संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका, जिसके चलते सेंटर को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने केंद्र पर रेट लिस्ट चस्पा न करने पर नाराजगी जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सेंटर पर फर्जी स्थायी निवास, जाति प्रमाणपत्र और जन्म प्रमाणपत्र



बनाए जा रहे थे। 100 से अधिक पुराने बिजली के बिलों के आधार पर सेंटर संचालक ऑनलाइन दस्तावेज तैयार करवाता था। बिलों में नाम सही होने पर पटवारी और कानूनगो आवेदन स्वीकृत कर देते थे, जिससे फर्जी दस्तावेज बनते थे। जांच में यह भी सामने आया कि कमलेश विश्वास ने फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए ग्राम प्रधान और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की भी मुहरें तैयार कर रखी थीं। अब तक यह अज्ञात है कि सेंटर ने कितने लोगों के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इसी क्रम में बाजपुर में एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने क्षेत्र के ꠸꠸ सेंटरों पर छापा मारा। पालिका कार्यालय के पास विधि एंटरप्राइजेज सेंटर पर जांच में पता चला कि संचालक का लाइसेंस गांव भीकमपुरी के लिए था, जबकि शहर में सेंटर संचालित हो रहा था। इस सेंटर को खामियां मिलने पर सील कर दिया गया। इसके बाद नंदपुर नरका टोपा में अरमान के सीएससी सेंटर पर छापा मारा गया। इस दौरान पैन, आधार कार्ड, वोटर आईडी, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक और ग्राम प्रशासक का लेटर बरामद हुआ, और सेंटर को सील कर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि जिले में अभियान जारी रहेगा। पटवारी, कानूनगो और संचालकों की अनियमितताओं की जांच करते हुए प्रशासन ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सेंटरों को बख्शा नहीं जाएगा।

# करण रंधावा बने निर्विरोध सहकारी समिति के चेयरमैन

रूद्रपुर। दिनेशपुर किसान बहुउद्देशीय ऋण साधन सहकारी समिति के चुनाव में करण रंधावा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके सामने कोई अन्य प्रत्याशी पर्चा दाखिल नहीं कर सका, जिसके कारण उनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया। निर्वाचन परिणाम की घोषणा होते ही उनके समर्थक खुशी से झूम उठे और मिष्ठान वितरण कर अपने उत्साह का इजहार किया। मौके पर तमाम लोगों ने उन्हें जीत की बधाई दी और नए चेयरमैन के रूप में उनकी सफलता का जश्न मनाया।



पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी नवनिर्वाचित चेयरमैन करण रंधावा को फूल माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। नवनिर्वाचित चेयरमैन करण रंधावा ने कहा कि उनका उद्देश्य समिति को मजबूती प्रदान करना, किसानों के हित में नई योजनाओं को लागू करना और सभी सदस्यों के साथ पारदर्शी व ईमानदार प्रशासन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर ओमपाल चौधरी, गोपाल विश्वास, अनमोल सिंह, हरि सरकार, वरूणा सरकार, विशाल सरकार, हिमांशु सरकार, अमृत सिंह, अंकित बठला, आकश बठला, ललित बिष्ट, हिमांशु कोरंगा, मलकीत सिंह, मनीष सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने नवनिर्वाचित चेयरमैन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# झोलाछाप क्लीनिकों पर कसा शिकंजा, बिना लाइसेंस चल रहे 3 क्लीनिक सील

## एसडीएम ऋचा सिंह और तहसीलदार लीना चन्द्रा ने की छापेमारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के तहत उपजिलाधिकारी की अगुवाई में तहसील गदरपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन झोलाछाप क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गूलरभोज रोड स्थित सुख शांति नगर में छापेमारी की गई, जहाँ बिना किसी लाइसेंस और मेडिकल डिग्री के चल रहे तीन क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जांच में पाया गया कि ये क्लीनिक न तो वैध मेडिकल क्वालिफिकेशन रखते थे और न ही दवाएं बेचने की कोई अनुमति। इसके बावजूद मरीजों को एलोपैथिक दवाएं बेची जा रही थीं, जो गंभीर नियम उल्लंघन है। टीम को मौके पर मरीजों की जान के लिए खतरा बनने वाली कई प्रतिबंधित और अनियमित दवाएं मिलीं। सभी दवाओं को स्वास्थ्य विभाग ने जब्त कर लिया है। छापेमारी के बाद तीनों अवैध क्लीनिकों को सील करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीएम ऋचा सिंह ने इस कार्रवाई पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि, जनता के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने जिलाधिकारी महोदय के स्पष्ट निर्देशों पर यह कार्रवाई की है। सुख शांति नगर में सील किए गए तीनों क्लीनिक बिना किसी वैध डिग्री या लाइसेंस के चल रहे थे, जो सीधे तौर पर लोगों की जान खतरे में डाल रहा था। हमें मौके पर एक्सपायरी दवाएं, स्टेरॉयड और यहाँ तक कि एनेस्थीसिया भी मिला है। हमारी टीम लगातार निगरानी रखेगी और भविष्य में भी ऐसे सभी 'झोलाछाप' क्लीनिकों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी। कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।











# जमीन विवाद को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

शक्तिफार्म। प्रहलाद पलसिया में जमीन विवाद को लेकर बुधवार को भी भारी संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर जमे रहे। बंगाली कल्याण समिति ने आधिकारिक रूप से आंदोलन को समर्थन दे दिया। समिति के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा ,किसी भी कीमत पर बंगाली समाज पर अन्याय नहीं होने देंगे। यह लड़ाई आर–पार की है, और अंतिम दम तक लड़ी जाएगी। समिति ने साफ कर दिया कि यदि प्रशासन ने जनता की आवाज अनसुनी की, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि पूरा प्रकरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष रखा जाएगा और प्रभावित परिवारों की पीड़ा की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व दर्जा मंत्री गणेश उपाध्याय ने अत्यंत तीखे शब्दों में सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है, इसी बंगाली समाज के समर्थन से विजय बहुगुणा मुख्यमंत्री बने थे। आज उनके पुत्र द्वारा बंगाली परिवारों को उजाड़ने का प्रयास कृतघ्नता का जीवंत



उदाहरण है।उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और उम्मीदों के साथ ऐसी खिलवाड़ अस्वीकार्य है। पूर्व विधायक नारायण पाल ने बताया कि वे पीड़ित परिवारों के साथ जिला अधिकारी से मिले हैं। डीएम ने सकारात्मक रुख दिखाया है और भरोसा दिलाया है कि पीड़ितों की बात गंभीरता से सुनी जाएगी। समाधान की पूरी उम्मीद है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने साफ कहा कि विकास अवश्य होना चाहिए, पर किसी को उजाड़कर नहीं। पहले पीड़ितों को मुआवजा और रहने योग्य जमीन दी जाए, उसके बाद ही परियोजना आगे बढ़े। अन्यथा आंदोलन तेज करना हमारी मजबूरी होगी।बुधवार को धरना स्थल पर स्थानीय नेतृत्व का अभूतपूर्व जमावड़ा दिखा। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व दर्जा मंत्री रामनगीना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य,किसान नेता जगतार सिंह बाजवा,गुरसेवक सिंह मोहर,शंकर चक्रवर्ती,समीर राय,परिमल राय,शिवपद सरकार,ममता हालदार, त्रिनाथ विश्वास,मोनिका ढ़ाली, सुब्रत विश्वास,विकास सरकार, भवतोष आचार्य सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। लगातार बढ़ती भीड़, जनप्रतिनिधियों का खुला समर्थन और बंगाली समाज की एकजुटता ने इस आंदोलन को तेजी से उभरते जनांदोलन में बदल दिया है। ग्रामीणों की चेतावनी साफ है, अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं। कार्रवाई नहीं रुकी, तो आंदोलन बड़ा रूप लेगा। धरना स्थल पे लोगो ने स्पष्ट कर दिया है समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा, और अनिश्चितकालीन धरना अब रुकेगा नहीं।